अभ्यास कार्य

कक्षा - नवीं (पाठ्यक्रम - FA-III)

साहित्यिक प्रश्न

प्रश्न-1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए — (25-30 शब्दों)

(i) रामन् के लिए नौकरी संबंधी कौन-सा निर्णय कठिन था?

(ii) कीचड़ का रंग किन-किन लोगों को खुश करता है?

(iii) मार खाते हुए सुखिया के पिता के मन में क्या-क्या विचार आ रहे थे?

(iv) नदी के किनारों से कुछ कहते हुए बह जाने पर गुलाब क्या सोच रहा है? — 'गीत-अगीत' के आधार पर लिखिए।

(v) माँ लेखक की स्कूली पढ़ाई को लेकर चिंतित रहती थी? 'मेरा छोटा सा... निजी पुस्तकालय' के आधार पर लिखिए।

(vi) जेल से छूटने के बाद सुखिया के पिता ने अपनी बच्ची को किस रूप में पाया?

(vii) कीचड़ सूखकर किस प्रकार के दृश्य उपस्थित करता है?

(viii) रामन् की खोज 'रामन् प्रभाव' क्या है? स्पष्ट कीजिए।

(ix) प्रेमी जब गाता है, तब प्रेमिका की क्या इच्छा होती है? - स्पष्ट कीजि

(x) स्कूल से इनाम में मिली अंग्रेज़ी की पुस्तकों में कौन-कौनसे विषय थे?

व्याकरणिक प्रश्न

प्रश्न-2 (i) प्रस्तुत शब्दों के उपसर्ग अलग करके लिखिए—

अनावश्यक, अपहरण, अनुराग, अभिनेता, दुर्भाग्य, कुरूप, निर्दोष, खुशकिस्मत, लापरवाह, संपूर्ण

(ii) निम्नलिखित शब्दों के प्रत्यय अलग करके लिखिए—

गायक, सिलाई, पहनावा, पागलपन, धार्मिक, बुद्धिमान, सुनवाई, वास्तविक, आकर्षित, रंगीला

(iii) निम्नलिखित शब्दों के मूल शब्द, उपसर्ग व प्रत्यय तीनों अलग - अलग करके लिखिए —

सुरक्षित, अंतर्राष्ट्रीय, अपमानित, संगीतकार, समादरित,

(iv) निम्नलिखित शब्दों के मूल शब्द व प्रत्यय अलग - अलग लिखिए —

पर्वतीय, कठिनाई, साप्ताहिक, वैज्ञानिक, आयोजित, चमकीली, क्रोधित, घबराहट, ईमानदारी, दुकानदार

प्रश्न-3. निम्नलिखित वाक्यों में उपयुक्त विराम चिह्न का प्रयोग करें।

(i) जब मेरा मित्र आया मैं खेल रहा था
(ii) अरे तुम मुंबई से कब आए
(iii) उसने मास्टर ऑफ आर्ट्स किया है
(iv) गांधी जी ने कहा सत्य ही ईश्वर है
(v) व्यायाम से हमें निम्नलिखित लाभ हैं

प्रश्न-4. क) निम्नलिखित शब्दों का संधि विच्छेद कीजिए —

मरणासन्न, भानूदय, महेश्वर, नायिका, स्वाधीन

ख) निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए —

सूर्य + अस्त, भाव + अर्थ, प्रति + एक, महा + उदय, महा + इंद्र